**भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी**
बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002
वेबसाइट : www.insaindia.res.in

## भर्ती सूचना

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की वृत्तिक निकाय, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। विस्तृत नियम व शर्तें तथा आवेदन पत्र इन्सा वेबसाइट www.insaindia.res.in पर कैरियर अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.05.2025 है।

**उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवम् प्रशासन)**

सं.: इन्सा/प्रशासन/2025-26/
दिनांक : 24 अप्रैल 2025

# परिपत्र

**विषय: भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति**

एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| | |
|---|---|
| 1. | **मुख्य परियोजना एसोसिएट - 1**<br>**शैक्षणिक योग्यता :**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राकृतिक विज्ञान/ पर्यावरण विज्ञान/ विज्ञान नीति/ लोक नीति/ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री या समकक्ष।<br>**अथवा**<br>लोक नीति/ विज्ञान नीति अध्ययन में डॉक्टरेट की डिग्री<br>**कार्य अनुभव :**<br>• मास्टर डिग्री धारक के पास लोक नीति अध्ययन/ विज्ञान नीति अध्ययन के डोमेन में तीन से चार वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।<br>• एक से दो वर्ष के कार्य अनुभव के साथ लोक नीति/ विज्ञान नीति अध्ययन में डॉक्टरेट की डिग्री।<br>• विज्ञान/ लोक नीतियों को विकसित करने, उनका विश्लेषण करने या सलाह देने का अनुभव। इसमें सरकारी एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), थिंक टैंक या परामर्श में कार्य करने वाला शामिल हो सकता है।<br>• विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित नीति विषयों पर कार्य करने का अनुभव, अकादमिक पत्रिकाओं/ नीति संक्षिप्त/ श्वेत पत्रों या उद्योग रिपोर्टों में प्रकाशनों (कम से कम दो) का ट्रैक रिकॉर्ड।<br>**अंतःविषयक प्रशिक्षण में वांछनीय अनुभव :**<br>• अनुसंधान एवम् विकास / औद्योगिक / शैक्षणिक / विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी संगठनों में कार्य अनुभव।<br>• नीति समाधानों को आकार देने और लागू करने के लिए विविध हितधारकों (जैसे, वैज्ञानिक, सरकारी अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन या सामुदायिक संगठन) के साथ कार्य करने की सिद्ध क्षमता।<br>• परियोजनाओं, समयसीमाओं और बजटों विशेष रूप से अनुसंधान, नीति विकास या पर्यावरणीय पहलों के लिए प्रबंधन में अनुभव।<br>• तकनीकी डेटा या शोध निष्कर्षों को स्पष्ट, कार्रवाई योग्य नीति अनुशंसाओं में संश्लेषित करने की क्षमता।<br>• जटिल वैज्ञानिक या तकनीकी मुद्दों को गैर-विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और आम जनता (जैसे, रिपोर्ट, ब्रीफिंग, लोक भाषण या मीडिया के माध्यम से) तक प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने की क्षमता।<br>• मजबूत पारस्परिक कौशल और वकालत संगठनों, सरकारी एजेंसियों, उद्योग और सामुदायिक समूहों सहित विविध समूहों के साथ जुड़ने की क्षमता।<br>**आयु सीमा :** दिनांक 10.05.2025 को 35 वर्ष से अधिक नहीं<br>**पारिश्रमिक :** 63,700/- रुपये) (मकान किराया भत्ता (एचआरए) सहित वेतन) |
| 2. | **वरिष्ठ परियोजना एसोसिएट - 2**<br>**शैक्षणिक योग्यता :**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्राकृतिक विज्ञान/ पर्यावरण विज्ञान/ विज्ञान नीति/ लोक नीति/ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री।<br>**कार्य अनुभव :** |

| | |
|---|---|
| | • मास्टर डिग्री धारकों के पास लोक नीति अध्ययन/ विज्ञान नीति के क्षेत्र में दो से तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।<br>• विज्ञान/ लोक नीतियों को विकसित करने, उनका विश्लेषण करने या सलाह देने का अनुभव। इसमें सरकारी एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), थिंक टैंक या परामर्श में कार्य करना शामिल हो सकता है।<br>• अकादमिक पत्रिकाओं, नीति संक्षिप्त विवरण, श्वेत पत्र या उद्योग रिपोर्ट में प्रकाशनों (कम से कम एक) के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित नीति विषयों पर शोध करने का अनुभव<br>**अंतःविषय प्रशिक्षण में वांछनीय अनुभव :**<br>• अनुसंधान और विकास/ औद्योगिक/ शैक्षणिक/ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों में कार्य अनुभव।<br>• तकनीकी डाटा या शोध निष्कर्षों को स्पष्ट, कार्रवाई योग्य नीति सिफारिशों में संश्लेषित करने की क्षमता।<br>• जटिल वैज्ञानिक या तकनीकी मुद्दों को गैर-विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और आम जनता (जैसे, रिपोर्ट, ब्रीफिंग, लोक भाषण या मीडिया के माध्यम से) तक प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने की क्षमता।<br>• मजबूत पारस्परिक कौशल और वकालत संगठनों, सरकारी एजेंसियों, उद्योग और सामुदायिक समूहों सहित विविध समूहों के साथ जुड़ने की क्षमता।<br><br>**आयु सीमा :** दिनांक 10.05.2025 तक 35 वर्ष से अधिक नहीं<br><br>**पारिश्रमिक :** 54,600/- रुपये प्रति माह (समेकित) |
| 3. | **नेटवर्क इंजीनियर - 1**<br>**शैक्षणिक योग्यता :** कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री<br>**कार्य अनुभव :**<br>नेटवर्क, क्लाउड सर्वर प्रबंधन, फ़ायरवॉल/ एंटी-वायरस, डेस्कटॉप स्पोर्ट, तकनीकी विनिर्देशों में बेहतर दस्तावेज़ीकरण कौशल में अच्छा प्रासंगिक अनुभव। **Microsoft / HP / DELL / CISCO** से अंतरराष्ट्रीय प्रमाणित पेशेवर को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**आयु सीमा :** दिनांक 10.05.2025 तक 35 वर्ष से अधिक नहीं<br>**पारिश्रमिक :** 60,000/- रुपये प्रति माह (समेकित) |
| | **आवेदन कैसे करें**<br>पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अनुलग्नक-II में निर्धारित प्रारूप में (सभी तरह से पूर्ण) सभी सहायक दस्तावेजों के साथ हाल ही में खींची गई पासपोर्ट आकार की तस्वीर के साथ दिनांक **10.05.2025** तक या उससे पहले ईमेल insa.admin@insa.nic.in या हार्ड कॉपी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा। |

**भवदीय,**

**(सुनील झोकरकर)**
**उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवम् प्रशासन)**

**सामान्य नियम और शर्तें:**

1. **नियुक्ति की अवधि:** क) नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी।

2. चयनित अभ्यर्थियों को निश्चित पारिश्रमिक (समेकित वेतन) दिया जाएगा तथा कोई अन्य भत्ता या लाभ नहीं दिया जाएगा।

3. **छुट्टी:** (क) संविदा कर्मियों को प्रत्येक कैलेण्डर माह में एक दिन की छुट्टी मिलेगा।
(ख) संविदा कर्मियों को स्वीकार्य छुट्टी से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अप्रयुक्त छुट्टी को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता और न ही उसके बदले भुगतान किया जा सकता है।

4. **गोपनीयता और सत्यनिष्ठा:** (क) अकादमी के लिए एकत्रित सभी सूचना/डेटा तथा और वितरण योग्य सामग्री के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) अकादमी के पास रहेंगे।
(ख) संविदागत जनशक्ति, अकादमी की लिखित अनुमति के बिना, अपने कार्य के प्रयोजन के लिए या अपने कार्य के दौरान एकत्रित की गई किसी भी सामग्री को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को संप्रेषित या प्रकट नहीं करेगी।
(ग) संविदा कार्मिक किसी भी मामले में प्रतिनिधित्व या राय या सलाह नहीं देंगे जो इस अकादमी के हित के प्रतिकूल हो। उसे अपनी नियुक्ति अवधि के दौरान कोई अन्य कार्यभार संभालने की अनुमति नहीं है।

5. **नियुक्ति की समाप्ति:** (क) संविदा जनशक्ति की नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी आधार पर है तथा वे अकादमी में किसी लाभ/मुआवजा /समायोजन /सेवा के नियमितीकरण के हकदार नहीं होंगे।
(ख) अकादमी निम्नलिखित स्थितियाँ में संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति समाप्त कर सकती है:
(i) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति सौंपे गए कार्य को पूरा करने में असमर्थ हो।
(ii) कार्य की गुणवत्ता अकादमी की संतुष्टि के अनुरूप नहीं हो।
(iii) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल रही हो।
(iv) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति में ईमानदारी एवम् सत्यनिष्ठा का अभाव पाया जाए।
(ग) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी की सेवाएँ छोड़ने के लिए एक महीने का नोटिस देंगे। अकादमी द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
(घ) संविदा पर नियुक्त जनशक्ति अकादमी को सभी दस्तावेज, चाबियाँ और सभी आधिकारिक उपकरण आदि (यदि कोई हों) सौंप देंगे तथा अकादमी द्वारा अंतिम भुगतान जारी किए जाने से पहले कोई बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

6. **चयन प्रक्रिया:** योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

7. **अन्य शर्तें:** क) आवेदन पत्र अकादमी की वेबसाइट www.insaindia.res.in पर 'कैरियर' शीर्षक के पर अंतर्गत उपलब्ध है।
ख) अभ्यर्थियों के पास वैध सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है, जिसे आवेदन पत्र में सही और सुपाठ्य रूप से भरना होगा। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी मेल के बाउंस होने के लिए अकादमी जिम्मेदार नहीं होगी।
ग) अकादमी को किसी भी स्तर पर विज्ञापन रद्द करने और किसी भी संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति न करने का अधिकार है। वह बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है।
घ) अकादमी को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, परिस्थितियों के अनुरूप इन दिशानिर्देशों की समीक्षा करने का अधिकार है।
ङ) यदि आवश्यक हुआ तो एक वर्ष के बाद उनके कार्य-निष्पादन की समीक्षा कर उन्हें सेवा विस्तार दिया जाएगा।

संलग्नक-II/ANNEXURE –II

## संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन APPLICATION FOR ENGAGEMENT ON CONTRACTUAL BASIS

**(यदि एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना हो तो अलग-अलग आवेदन करें)**
**(Apply separately if applying for more than one posts)**

**(1) मुख्य परियोजना एसोसिएट / PRINCIPAL PROJECT ASSOCIATE**
**(2) वरिष्ठ परियोजना एसोसिएट / SENIOR PROJECT ASSOCIATE**
**(3) नेटवर्क इंजीनियर / NETWORK ENGINEER**

सेवा में/ To,
उप कार्यकारी निदेशक-। (वित्त एवम् प्रशासन)
The Deputy Executive Director-I (F & A),
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकामी
Indian National Science Academy,
बहादुर शाह ज़फर मार्ग/ Bahadur Shah Zafar Marg,
नई दिल्ली/ New Delhi-110002

| स्वयं द्वारा अनुप्रमाणित हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ/ Affix self attested recent Passport Size Photograph |
|---|

मोहदय/Sir,
विज्ञापन सं. ........................... दिनांक .................... के संदर्भ में, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में ____________________ के पद पर नियुक्ति के लिए कृपया मेरा आवेदन स्वीकार किया जाए। मेरा विवरण नीचे दिया गया है:

With reference to the Adv. No.__________dated______, my application for engagement as______________________________ in Indian National Science Academy may kindly be accepted. My details are given below:

### बायोडाटा/ CURRICULUM VITAE

| क्र. सं. S.No. | विवरण/ Particulars | आवेदक द्वारा भरा जाना है/To be filled by the Applicant |
|---|---|---|
| 1. | नाम/ Name (बड़े अक्षरों में/in BLOCK letters) | |
| 2. | पिता/पति का नाम/ Father's /Husband's Name | |
| 3. | जन्मतिथि/ Date of Birth | |
| 4. | टेलीफोन/मोबाइल नंबर/ Telephone/Mobile Number | |
| 5. | ई-मेल पता/ Email Address | |
| 6. | पत्राचार के लिए पता/ Address for communication | |
| 7. | स्थायी पता/ Permanent Address | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 8. | वर्तमान आयु ( वर्ष /महीना)/ Present Age (yy/mm) (दिनांक 10.05.2025 को / As on 10.05.2025) | |
| 9. | शैक्षिक/तकनीकी योग्यता/ Educational/Technical Qualification | |
| 10. | अनुभव/ Experience | |
| 11. | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण/ Details of computer knowledge | |

***यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त शीट संलग्न करें/Attach additional sheet if required.**

ऊपर दी गई जानकारी सत्य है। मैंने संलग्नक-I में उल्लिखित नियम और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और वे मुझे स्वीकार्य हैं। मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि आज की तारीख तक मेरे विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है/ The information furnished above is true. I have carefully read the terms and conditions mentioned in Annexure- I and are acceptable to me. I certify that no disciplinary/criminal proceedings are pending against me, as on date.

**स्थान/ Place :**

**तारीख/ Date :** **(आवेदक के हस्ताक्षर/ Signature of the Applicant)**